तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार, 19 जनवरी 2025

14 बाघामुड़ा में हुई गोंड समाज पिथौरा व सरायपाली...


14 महासमुंद में हुआ विकासखंड स्तरीय...




## खबर संक्षेप

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** मोटरसाइकिल में आए तीन लड़कों ने एक युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामला बसना थाना क्षेत्र के सराईपतेरा है। पुलिस को अजय चौहान निवासी सराईपतेरा ने बताया कि 17 जनवरी की शाम करीबन 6 बजे वह अपनी बाइक को बनवाकर वापस जा रहा था। इसी दौरान श्रीवास्तव गली के पास तीन लड़के चैतन यादव निवासी पतरडीह थाना बसना, वीरेंद्र बंजारे निवासी कोलिहादेवरी थाना बसना और उनका एक साथी बाइक से आए और गाली देते हुए एकराय होकर हाथ मुक्का से मारने लगे। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले में शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। तेंदूकोना ग्राम सराईपाली में आरोपी मोहित कुमार निषाद पिता अमृतलाल निषाद (38 वर्ष) वार्ड नं 02 ठाकुरदिया खुर्द थाना पिथौरा के कब्जे से 36 पाउच हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कुल मात्रा 6480 एमएल कीमत करीबन 1800 रुपए जब्त किया है। इसी तरह बलौदा पुलिस ने ग्राम अंतरझोला में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर ग्राहकों का इंतजार कर रहे आरोपी मनबोध पिता डिंगरो बरिहा (46 वर्ष) निवासी अंतरझोला थाना बलौदा जिला महासमुन्द (छग) कब्जे 4 लीटर महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## स्वामित्व योजना : वर्चुअली 50 हजार गांवों के 65 लाख लोगों को प्रॉपर्टी कार्ड की दी सौगात

# सीएम बोले: यह ऐतिहासिक क्षण, स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने का एक माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के 10 हजार से अधिक लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड का किया वितरण

स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिल्ली से वर्चुअली देशभर के 50 हजार गांवों में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने योजना के लाभार्थियों को संबोधित किया एवं लाभार्थी कार्ड धारकों के साथ संवाद भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा में आयोजित जिला स्तरीय स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का अधिकारिक स्वामित्व कार्ड प्रदान किया गया। यह

अतिथिगण रहे मंचस्थ

कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक सम्पत अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, संयुक्ता सिंह, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व संसदीय सचिव पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक परेश बागबाहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, कमिश्नर महोदव कांवरे, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के अलावा चंद्रहास चंद्राकर, संदीप दीवान, महेंद्र सिक्का, प्रशांत श्रीवास्तव, प्रकाश शर्मा, सुधा साहू, पार्षदगण एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण मंच पर मौजूद रहे।





### सभी तक पहुंचे यह लाभ



राजस्व एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू की गई स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले के नागरिकों को स्वामित्व कार्ड प्रदान कर रहे हैं, यह जिले के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि इस योजना का लाभ हर गाँव, हर घर और हर नागरिक तक पहुँचे। यह न केवल एक दस्तावेज है, बल्कि आपके अधिकार, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का प्रतीक है।

### मालिकाना हक दिलाने में सहायक योजना



सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये योजनाएं छत्तीसगढ़ में पूरी तरह से लागू हो रही हैं, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। स्वामित्व योजना लोगों को मालिकाना हक दिलाने में सहायक होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार जनता की भलाई के लिए ईमानदारी से काम कर रही है और इन योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है।

### सरकार में निश्चित हैं खुशियां



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि इस योजना के तहत 10,850 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया है। यह आपकी संपत्ति पर आपके अधिकार का प्रमाण है और आपके सशक्तिकरण का प्रतीक है। हमारी डबल इंजन की सरकार समान रूप से छत्तीसगढ़ के प्रत्येक वर्ग के विकास और कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस योजना के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि गाँवों के लोग भी आत्मनिर्भर बनें और आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हों।

### विकास कार्यों को मिली प्राथमिकता



विधायक सम्पत अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री हमारी हर मांग को पूरा करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता मिल रही है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, और किसानों की बेहतरी के लिए जो प्रयास किए गए हैं, उसके लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को विशेष धन्यवाद दिया।

### कलेक्टर ने किया प्रतिवेदन पठन



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि ड्रोन सर्वे के माध्यम से 1073 गांव में सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। जिसके माध्यम से 128 गांवों के 10850 लाभार्थियों का स्वामित्व कार्ड तैयार कर लिया गया है। बता दें कि स्वामित्व योजना के तहत महासमुंद जिले के 128 गांवों के 10850 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड प्रदान किया गया है। जिसमे महासमुंद तहसील अंतर्गत 47 गांवों के 4609, बागबाहरा के 9 गांव के 475, कोमाखान के 12 गांव के 1226, पिथौरा के 31 गांवों के 2819, बसना के 5 गांव के 302 एवं सरायपाली तहसील अंतर्गत 24 गांवों के 1419 लाभार्थी शामिल है।

### मिलेगा सम्मानित जीवन का आधार



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह योजना न केवल एक ऐतिहासिक पहल है, बल्कि ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने का माध्यम भी है। संपत्ति के अधिकार केवल भूमि और अन्य संसाधनों के कानूनी स्वामित्व तक सीमित नहीं हैं, ये व्यक्तियों और समुदायों को आत्मनिर्भरता, स्थिरता और सम्मानित जीवन का आधार प्रदान करते हैं। विशेष रूप से, हमारे समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के लिए यह अधिकार उनकी आर्थिक, सामाजिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है। भूमि प्रशासन को पारदर्शी और प्रभावी बनाना हमारी प्राथमिकता है। भूमि की सीमाओं का स्पष्ट सीमांकन न केवल विवादों को रोकने में सहायक है, बल्कि सामाजिक स्थिरता और न्याय प्रणाली को सुदृढ़ करता है।

# डीजल चोरी कर भाग रहे आरोपियों ने पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मामला सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के रेहटीखोल के पास का

डीजल चोरी कर भाग रहे लोगों ने गाड़ी को पुलिस स्टाफ पर चढ़ाने की कोशिश की और आगे जाकर डिवाइडर से जा टकराई। मामला सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के रेहटीखोल के पास का है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 17 जनवरी को चिवराकुटा निवासी आकाश गुप्ता द्वारा आईचर प्रो 3019 वाहन क्रमांक यूपी 15 जीटी 2712 का चालक व अन्य व्यक्तियों के द्वारा चोरी एवं तेजी व लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से वाहन चलाकर पुलिस स्टाफ पर वाहन चढ़ाने का प्रयास करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस को प्रार्थी आकाश गुप्ता पिता मोहन गुप्ता निवासी चिवराकुटा ने बताया कि उसकी इंडियन गैस की एजेंसी है। 15 जनवरी को रात्रि करीबन 11 बजे से 12 बजे के मध्य उसकी पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 06 जीएस 7478 शंकर ढाबा रेहटीखोल के पास खड़ा था उक्त वाहन के अंदर वह और उसका ड्रायवर दुखनाशन सोए हुए थे। अचानक वाहन से आवाज आने से प्रार्थी की नींद खुल गयी और गाड़ी से उतर कर देखा तो आईचर प्रो 3019 वाहन क्रमांक यूपी 15 जीटी 2712 के चालक एवं उसके साथी पिकअप की टंकी का लॉक तोड़कर पाइप लगाकर डीजल चोरी कर रहे थे। जब वह चिल्लाने लगा तो वे सभी लोग अपनी गाड़ी में बैठकर भागने लगे।

इसके बाद प्रार्थी ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस टीम द्वारा नाकेबंदी की गई। आरोपी अपनी गाड़ी लेकर ओडिशा की ओर भाग रहे थे, जब रेहटीखोल बेरियर के पास पुलिस स्टाफ द्वारा स्टॉपर लगाकर ट्रक को रोकने के लिए संकेत दिया गया, लेकिन वे नहीं रूके। तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक खतरनाक ढंग से अपने वाहन को चलाते हुए स्टॉपर को ठोकर मारते हुए पुलिस स्टाफ पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया, अगर पुलिस स्टॉफ मौके से नहीं हटता तो जनहानि हो सकती थी, इसके बाद आगे जाकर अपनी गाड़ी को डिवाइडर से टकराकर एक्सीडेंट कर दिया। जब वे लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वाहन को छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 110, 281, 3(5), 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### खरोरा में डीजे डांस प्रतियोगिता 26 को

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के गुड़ी चौक में 26 जनवरी को डीजे डाँस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ शाम 7 बजे होगा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि डॉस प्रतियोगिता ग्रामवासियों के सहयोग से रखा गया है। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक नगद राशि प्रदाय किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामीण जुटे हुए हैं।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## बेलसोंडा में गुहा जयंती समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- रात्रिकालीन में अलका चंद्राकर के होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

ग्राम बेलसोंडा में ढीमर समाज के तत्वावधान में 20 जनवरी सोमवार को गुहा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर झांकी एवं शोभा यात्रा दोपहर 1 बजे निकाली जाएगी।

वहीं रात्रिकालीन में फूलवारी लोक कला मंच अलका चंद्राकर का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा (विधायक महासमुंद), पूनम चंद्राकर (पूर्व राज्यमंत्री), अध्यक्षता डॉ. विमल चोपड़ा (पूर्व विधायक), विशिष्ट अतिथि राधेश्याम धीवर (मेशन मजदूर संघ जिला अध्यक्ष), लखन धीवर (अध्यक्ष धीवर समाज महासमुंद परगना), डोमार सिंह धीवर (उपाध्यक्ष), नंदकुमार धीवर (कोषाध्यक्ष), घनश्याम धीवर (सचिव) होंगे।

इस आयोजन की तैयारी में ग्रामीण पदाधिकारी त्रिभुवन धीवर, घनश्याम धीवर, बिरसिंग धीवर, परस (संगू) धीवर, संजू धीवर, बुगेश्वर धीवर, दिलीप धीवर, भीखम धीवर, गंगाधर धीवर आदि जुटे हुए हैं।

## मुख्यमंत्री साय का हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर-एसपी ने किया स्वागत



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को महासमुंद के शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा भी पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन पर मचेवा स्थित हेलीपैड पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, संयुक्ता सिंह, येतराम साहू सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## मुख्य मार्ग पर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, लेकिन गली-मोहल्लों में पसरी गंदगी

# शहर के भीतरी हिस्से में स्वच्छता का बुरा हाल, डस्टबिन नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में इन दिनों सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। चौक चौराहों और वार्डों के भीतरी हिस्सों में लाख खर्च कर लगाए गए डस्टबिन गायब है। हालांकि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन होने से शहर के मुख्य मार्ग में गंदगी नजर नही आ रही लेकिन, गली मोहल्लों में गंदगी पसरी हुई है।

बता दें कि 2024 में महासमुंद में स्वच्छता सर्वेक्षण हुआ ही नही। 2023 में महासमुंद को स्वच्छता सर्वे में पूर्वी जोन में प्रथम पुरस्कार मिला था। वहीं इस बार स्वच्छता रैंकिंग पाने के लिए कोई प्रयास नजर नही आ रहा, इसके चलते स्वच्छता अभियान पर ज्यादा फोकस नजर नही आ रहा है। प्रतिवर्ष स्वच्छता सर्वे के स्कोर लाने, जागरुकता अभियान भी चलाया जाता रहा है लेकिन, इस बार कोई थीम या अभियान भी नहीं चलाया गया। न ही जनता से कोई फीडबैक लिए गए हैं। पहला पुरस्कार मिलने के बाद 2024 में स्वच्छता के लिए कोई अपील भी नहीं की गई। जिन घरों के पीछे मकान नहीं है, उन घरों के पीछे कचरा फेंकने की आदत है। जहां कचरों का ढेर लगा हुआ है। जिसपर नगर पालिका द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है। कई घरों के पीछे तालाब भी है। कई लोग तालाब में ही कचरा फेंक रहे हैं जिसके कारण तालाबों के पानी में या तह में कचरा जमा हो रहा है जो गर्मी आते ही तालाब सूखने के बाद सामने आने लगेंगे।



### कम नही हो रहा पॉलीथिन का उपयोग

बेमचा मार्ग के किनारे जगह-जगह पॉलीथिन बिखरे हुए हैं। इसके अलावा दलदली जाने वाले रेलवे क्रासिंग के पास भी पॉलीथिन व डिस्पोजल बिखरे रहते हैं। जिसकी सफाई नियमित तौर पर नहीं हो रही है। अधिक मात्रा में एकत्र होने के बाद इसे जलाने से भी प्रदूषण भी फैल रहा है। नगर पालिका अभियान के तहत पॉलिथिन पर जुर्माना, घर के सामने कूड़ा फेंकने पर जुर्माना लगाती रही है, लेकिन 2024 में अब तक अभियान चलाकर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई है।

### न निर्देश मिला, न तय हुआ मापदंड

मिशन क्लीन सिटी के नौशाद बक्श ने बताया कि स्वच्छता 2024 के लिए अब तक कोई निर्देश नहीं आया है। इस संबंध में कोई दस्तावेज अपलोड किए गए हैंगया है। हालांकि, शहर में प्रतिदिन सफाई की जा रही है। डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित किया जा रहा है। निर्देश आने के बाद ही आगे की प्रक्रिया होगी। पैरामीटर्स भी नहीं आया है।

आवश्यकता है
हरिभूमि
महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में
रिपोर्टर (2 पद)
के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।
अनुभवी को प्राथमिकता
(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
-संपर्क करें-
99811-31365
Email-haribhoomi.msmd@gmail.com
हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

## खबर संक्षेप

### नगरीय निकाय पेंशनर्स के महंगाई राहत में वृद्धि

**रायपुर।** राज्य शासन ने नगरीय निकायों के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स के महंगाई राहत में वृद्धि की है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सातवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्राप्त करने वालों की महंगाई राहत में चार प्रतिशत और छठवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स के महंगाई राहत में नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। दोनों वेतनमानों के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को 1 अक्टूबर 2024 से इस वृद्धि का लाभ दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद शुक्रवार को विभाग ने मंत्रालय से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

### पंजीयन विभाग में 85 नए पद 100 खाली पदों के लिए मंजूरी

**रायपुर।** वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी ने स्वयं पहल करते हुए पंजीयन (रजिस्ट्री) विभाग के पुनरीक्षित सेटअप को स्वीकृति दी है । इस नए सेटअप में पंजीयन विभाग में विभिन्न श्रेणी के 85 नए पद सृजित किए गए हैं। इसके साथ ही पंजीयन विभाग के वर्तमान लागू सेटअप के विभिन्न श्रेणी के लगभग 100 रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती को मंजूरी दी गई है। बताया गया है कि कि राज्य विभाजन के बाद से 24 वर्षों से रजिस्ट्री विभाग का सेटअप रिवीजन लंबित था। रजिस्ट्री विभाग के अधिकारी कर्मचारी लंबे समय से सेटअप पुनरीक्षण की मांग कर रहे थे।

### रापुसे और राप्रसे अफसरों के तबादले नई पदस्थापना

**रायपुर।** राज्य शासन ने राज्य पुलिस सेवा और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। रापुसे के अधिकारी देवव्रत सिरमौर एएसपी दुर्ग को प्रतिनियुक्ति पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल का महाप्रबंधक बनाया गया है। इसी तरह एएसपी रायपुर कृष्ण कुमार पटेल को उप परिवहन आयुक्त नवा रायपुर बनाया गया है। इसी क्रम में राज्य प्रशासनिक सेवा के 63 अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापनाएं की गई हैं। रीता यादव सीईओ जिला पंचायत गरियाबंद राजस्व मंडल बिलासपुर में उप सचिव, जिला पंचायत सीईओ सरगुजा नूतन कुमार कंवर को अपर कलेक्टर बालोद बनाया गया है। इनके अलावा 60 अधिकारी स्थानांतरित किए गए हैं जिनमें कई अपर कलेक्टर,उप सचिव, उपायुक्त, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर शामिल हैं।

### पूर्व विधायक सत्तू भैया के जन्मदिन पर बांटी स्टेशनरी

**रायपुर।** ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर गंगानगर प्राथमिक शाला एवं मनपुरी स्कूल में कॉपी एवं पेन वितरण कार्यक्रम रखा गया। यतियतन लाल वार्ड क्रमांक 4 के जीत सिंह ठाकुर की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 500 बच्चों को कॉपी-पेन वितरित किए गए। इस दौरान वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद नागभूषण राव, विपिन शुक्ला व कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### संयुक्त आयुक्त कांडे का प्रमोशन, अब अपर आयुक्त


**रायपुर।** केएन कांडे संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं को अपर आयुक्त सहकारिता एवं अपर पंजीयक सहकारी संस्थाए के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस आशय का आदेश शुक्रवार को मंत्रालय से जारी हुआ। श्री कांडे वन मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी हैं।

# बिजली बिल बकाया राशि की वसूली तेज, नहीं पटाने पर काटे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विद्युत संभाग अंतर्गत उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार विद्युत उपभोक्ताओं के बकाया राशि के विरूद्ध लाइन काटने का अभियान जारी है। बिजली बिल हाफ योजना के बावजूद उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे एरियर्स राशि (बकाया राशि) में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है।

बिजली विभाग के आला अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद एई, जेई और फील्ड स्टॉफ अब कनेक्शन काटने और वसूली की कार्रवाई में लगातार जुट गए हैं। सरायपाली विद्युत संभाग के अंतर्गत सरायपाली (शहर), सरायपाली (ग्रामीण), बलौदा, छुईपाली, पाटसेंद्री, भंवरपुर, सागरपाली, पथरला, बसना (ग्रामीण) और गढ़फुलझर वितरण केंद्रों सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 10 हजार रुपए से अधिक के 99 बकायादारों जिनका कुल बकाया राशि लगभग



34 लाख 79 हजार था, के कनेक्शन काटे गये हैं। कनेक्शन काटने जाने पर 106 उपभोक्ताओं द्वारा तुरंत 6 लाख 10 हजार रुपए का विद्युत बिल का पूर्णतः अथवा आंशिक भुगतान भी कर दिया गया।

कार्यपालन अभियंता टीके पटेल के बताए अनुसार उपरोक्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा है कि उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का भुगतान न करने पर वे स्वयं का ही नुकसान कर रहे हैं तथा शासन द्वारा जारी हाफ बिजली बिल योजना का लाभ से भी वंचित हो रहे हैं और सरचार्ज की राशि तथा बकाया राशि में बढ़ोत्तरी हो रही है। बिजली बिल हाफ योजना का फायदा न लेकर वे अपने विद्युत खर्च की राशि को दोगुना ही कर रहे हैं। विद्युत बिलों की यह बकाया राशि उपभोक्ताओं को आज नहीं तो कल भुगतान करना ही पड़ेगा। उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल भुगतान न करने की स्थिति में उनसे बकाया वसूली अधिनियम के आधार पर राशि की वसूली की जाएगी। बकाया वसूली अधिनियम के अंतर्गत संबंधित परिसर की बकाया राशि की वसूली राजस्व अधिकारियों द्वारा संबंधित जमीन की कुर्की/ नीलामी कर की जाती है। उन्होंने उपभोक्ताओं से उक्त सभी कार्रवाई से बचने के लिए शीघ्र बिजली बिल भुगतान करने की अपील की है।

## जोगनीपाली में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ





**सरायपाली।** जोगनीपाली में शिवा क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। विधायक चातुरी नंद के फुटबॉल ग्राउंड पहुंचने पर आयोजक टीम और ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ स्वागत किया। विधायक श्रीमती नंद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त की और फुटबॉल खेलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों और ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि जिस फुटबॉल लीग को देखते हुए मैं बड़ी हुई, आज उसका शुभारंभ करने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ। फुटबॉल प्रतियोगिता का यह 38वाँ साल है, जो कि बेहद ही गौरव की बात है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने मैं हमेशा से प्रयास करती आई हूं और आगे भी करती रहूंगी। उन्होंने फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति को शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पूर्व पार्षद सुरेश भोई, विधायक प्रतिनिधि अरमान हुसैन, पंकज बीसी, मनोहर खाखा, जयंत यादव, मिलाप चौहान, प्रियांशु चौहान सहित महिला समूह के सदस्य, फुटबॉल खिलाड़ी तथा अंचल के खेलप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# निर्माणाधीन गौरव पथ का विधायक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर में बन रहे बन रहे गौरवपथ निर्माण व पोल शिफ्टिंग में बरती जा रही अनियमितताओं व अघोषित बिजली कटौती से व्यवसायियों को रही समस्याओं को लेकर स्थानीय विधायक चातुरी नंद द्वारा अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गौरव पथ व पोल शिफ्टिंग का निरीक्षण करने पैदल मार्च कर निरीक्षण किया। इस बीच अग्रसेन चौक पहुंचकर अनेक व्यापारियों से प्रत्यक्ष भेंटकर व्यापारियों को आ रही परेशानियों से अवगत हुई।

इस दौरान व्यवसायियों द्वारा दुकान के सामने रखे पाइपों से हो रही परेशानियों पर गौरवपथ मैनेजर को इसे दूसरी जगह रखने का निर्देश दिया। पोल शिफ्टिंग कार्य में भारी लापरवाही किए जाने की शिकायत पर विधायक नंद ने विद्युत विभाग के डीई व सीएमओ को इस्टीमेट के अनुरूप कार्य नहीं



करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया गया। वहीं गौरवपथ के मैनेजर व अनेक व्यापारियों ने नगरपालिका द्वारा हनुमान मंदिर के सामने व नगर के कई स्थानों ओर समय पूर्व वृक्षों को नही काटे जाने के कारण इन स्थानों पर नाली व सड़क निर्माण का कार्य बाधित होने की शिकायत की गई। वहीं बताया गया कि पूर्व में नपाध्यक्ष द्वारा स्वयं खड़े होकर इन वृक्षों की कटाई की जा रही थी, पर सिर्फ वृक्षों के डंगालों को काट कर छोड़ दिया गया। गौरवपथ के मैनेजर से विधायक द्वारा पूछे जाने पर बताया गया कि उन्हें नगर पालिका से जैसा आदेश मिला उनके द्वारा उसी तरह का निर्माण कराया जा रहा है। विधायक नंद को उपस्थित व्यापारियों और नागरिकों ने बताया कि गौरव पथ निर्माण के तहत नवीन पोल शिफ्टिंग का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें मेजरमेंट के विरुद्ध कार्य कराया जा रहा है। उपस्थित लोगों ने पुराने पोल में डेटिंग पेंटिंग कर लगाने की शिकायत की, जिसे विधायक नंद ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को विधायक चातुरी नंद ने व्यापारियों व आमजनता को निर्माण कार्य के दौरान किसी तरह की तकलीफ न हो उसे ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों को शीघ्र ओर किए जाने का निर्देश दिया। गौरव पथ निर्माण निरीक्षण के दौरान नपा के दिनेश यादव, एई बजरंग आंडील, पूर्व पार्षद सुरेश भोई, कमल अग्रवाल, विजय यादव, पत्रकार दिलीप गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अरमान हुसैन, मोहसिन मेमन, केशव अग्रवाल, जयंत यादव, रोशन नाग, अनस हुसैन, वीरेंद्र यादव समेत व्यापारीगण और नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ईवीएम से निकाय चुनाव कराने का निर्णय स्वागतेय : भाऊराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने निकाय चुनावों को ईवीएम से कराए जाने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। साहू ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ने चुनावी प्रक्रिया में दक्षता, सटीकता और पारदर्शिता लाई है। इन परिष्कृत उपकरणों ने हमारे वोट डालने के तरीके को बदल दिया है। पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव के लिए ईवीएम से चुनाव कराए जाने सरकार ने यह निर्णय लिया है। ईवीएम पारदर्शिता और



सुरक्षा बनाए रखते हुए मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने का बेहतर माध्यम है। बैलेट पेपर में कई वोट अवैध तथा निरस्त हो जाते हैं। ईवीएम में मैन्युअल गिनती और पेपर बैलेट की कारण होने वाली त्रुटियों जैसे समस्याएं सामने नहीं आती। साथ ही ईवीएम अवैध वोटों की संख्या को कम करने में मदद करती है। साथ ही एक ही व्यक्ति द्वारा अवैध वोटिंग, ओवर वोटिंग, अंडर वोटिंग को रोकती है। इसलिए सरकार का चुनाव को पारदर्शी बनाने ईवीएम से वोटिंग का फैसला स्वागतेय है।



## छेरछेरा पर्व पर रामायण व भजन कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद।** कर्मा जागृति महिला मंच के तत्वाधान में अध्यक्ष सती साहू की अध्यक्षता में छेरछेरा पुन्नी के उपलक्ष में मेघ बसंत कॉलोनी के मंदिर में रामायण एवं भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# नगर में निकाली गई गणतंत्र यात्रा, नूरानी चौक पर किया ध्वजारोहण, देशप्रेम में झूम रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर के वार्ड क्रमांक 11 में विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में अंचल में धूमधाम से गणतंत्र यात्रा निकाली गई।

गणतंत्र यात्रा का शुभारंभ भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र में माल्यार्पण कर किया गया। गणतंत्र यात्रा के तहत विधायक चातुरी नंद, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और वार्डवासियों ने नूरानी चौक से लेकर पुरानी मंडी और वार्ड में रैली निकाली। भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी और महापुरुषों के नारों से शहर गूंज उठा। नूरानी चौक पहुंचने पर ध्वजारोहण



किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान और राज्यगीत का वाचन भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि गणतंत्र के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरायपाली अंचल में पिछले साल की भांति इस साल भी गणतंत्र यात्रा निकाली जा रही है। गणतंत्र यात्रा के माध्यम से हम आम जन को संविधान के महत्व को बताते है और संविधान में दिए अधिकारों के प्रति आम जनता को जागरूक करते है। उन्होंने कहा कि इस साल गणतंत्र यात्रा ग्राम केंदूढार के साथ ही सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम घाटकछार और उड़ेला में भी कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा गणतंत्र यात्रा निकाली गई थी। यात्रा में आम नागरिक भी शामिल हो रहे है और गणतंत्र के महापर्व से पहले ही देशप्रेम में झूम रहे हैं। गणतंत्र यात्रा में पूर्व पार्षद सुरेश भोई, नसीब खान, शुरू पाणिग्रही, हेमा श्रीवास, सरोजनी पाणिग्रही, विधायक प्रतिनिधि अरमान हुसैन, गोपाल अग्रवाल, शंभू चौहान, शेख मोबीन, मोनू अली, जुबैद खान, तस्लीम आलम, नासिर खान, हबीब खान,जमील खान, अनस खान, इरफान खान, सुरेश पटेल, रोगों दीदी, अरबाज खान, जावेद मेमन, कुमार साहू, मनोज टांडी, जयंत यादव, स्काउट गाइड के रोवर रेंजर्स फैमिदा तबस्सुम, दुष्यंत साहू,सबीना बानो, अशलीशा खान सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# झारखंड के गैंगस्टर का साथी रायपुर में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एक्सटार्सन सहित हत्या की कोशिश, फायरिंग करने का आरोप
- रंगदारी नहीं देने पर दो माह पूर्व जमीन कारोबारी पर की थी फायरिंग

क्राइम ब्रांच की टीम ने झारखंड के गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गैंग के साथी विक्की वर्मा को मौदहापारा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आया बदमाश करीब 20 दिन पूर्व रायपुर में आकर रह रहा था। गैंगस्टर के साथी ने रंगदारी नहीं देने पर 22 नवंबर को रांची स्थित ओरमांझी में जमीन कारोबारी पर फायरिंग की थी।

विक्की वर्मा तथा उसके एक अन्य साथी जिशान शेख ने सुजीत के इशारे पर संजीव जायसवाल पर फायरिंग की थी। घटना के बाद रांची पुलिस ने जिशान को गिरफ्तार कर लिया। विक्की पुलिस को चकमा देकर दिल्ली के रास्ते रायपुर आकर छिप गया। विक्की के रायपुर में छिपे होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसकी पतासाजी करते हुए मौदहापारा के एक होटल से गिरफ्तार कर झारखंड पुलिस के सुपुर्द किया।



### रायपुर में रहकर की है पढ़ाई

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक विक्की ने 15 साल पूर्व रायपुर, धमतरी रोड स्थित रेडिएंट पब्लिक स्कूल में पढ़ाई की है। विक्की के पिता झारखंड में एसबीआई में नौकरी करते हैं। विक्की का एक चाचा एसईसीएल में नौकरी करता है। इसीलिए विक्की को उसके पिता ने पढ़ाई करने रायपुर भेज दिया। विक्की ने रायपुर में सातवीं से लेकर दसवीं तक पढ़ाई की है।

### पार्किंग ठेका से जुड़ा गैंग में

*पढ़ाई में कमजोर होने की वजह से विक्की को उसके पिता स्कूल से निकालकर अपने साथ रांची ले गए। रांची में विक्की ने रेलवे में पार्किंग का ठेका लिया। विक्की के पार्किंग ठेका को रांची के एक अन्य गैंगस्टर विकास तिवारी ने डरा धमकाकर अपने नाम करा लिया। इस दौरान अन्य बदमाश की मदद से विक्की, सुजीत गैंग में शामिल होकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने लगा।*

दस डिग्री तक पहुंचा न्यूनतम तापमान

# वातावरण में अभी मौजूद रहेगी ठंड, बनी रहेगी कम-ज्यादा की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनवरी का पहला पखवाड़ा बीत चुका है, मगर आने वाले दिनों में वातावरण में ठंड मौजूद रहेगी। हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से इसका अनुभव कम और ज्यादा की स्थिति में होता रहेगा। बादल छाए होने और तापमान सामान्य से अधिक होने बाद प्रदेश में ठंड का प्रभाव बना हुआ है।



पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य का न्यूनतम तापमान दस डिग्री तक पहुंच चुका है। पारा अधिक होने के बाद भी सरगुजा संभाग में अच्छी ठंड है। शुक्रवार को रायपुर समेत मध्य हिस्से में सुबह के वक्त धूप का प्रभाव रहा दोपहर होने के बाद बादल छाए। हवा की गति सामान्य से अधिक होने की वजह से इसमें ठंडकता महसूस होती रही। अब उत्तर से ठंडी और शुष्क हवा का आगमन होने की संभावना है। इसके प्रभाव से अगले दो दिन में उत्तर तथा मध्य भाग में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। तीन दिन बाद आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में पुनः वृद्धि का दौर प्रारंभ होने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अब न्यूनतम तापमान में पहले जैसी गिरावट होने की संभावना है।

19 ट्रकों से करोड़ों का सामान जब्त

# बगैर बिल और फर्जी ई-वे बिल से माल परिवहन डीजीजीआई ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डीजीजीआई ने 19 ट्रक से करोड़ों का माल जब्ती करने का किया दावा

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ गुड्स सर्विस इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) की रायपुर जोनल यूनिट ने फर्जी ई-वे बिल तथा बगैर बिल के टीएमटी बार (सरिया), एमएस एंगल, एमएस पाइप सहित अन्य लौह उत्पाद परिवहन करते पकड़ा है। डीजीजीआई के अनुसार 19 ट्रकों से करोड़ों रुपए के लौह उत्पाद जब्त किया गया है।

डीजीजीआई द्वारा जारी बयान के मुताबिक उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि बगैर ई-वे बिल तथा फर्जी ई-वे बिल के माध्यम से छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश में लौह उत्पाद ट्रांसपोर्ट कर पहुंचाया जा रहा है। इसके बाद डीजीजीआई की खुफिया टीम कवर्धा, चिल्पी घाटी के पास घात लगाकर माल परिवहन कर रहे 19 ट्रकों को रोका और दस्तावेजों की जांच की, तो उनमें से ज्यादातर के पास ई-वे बिल नहीं थे। जिन ट्रकों में ई-वे बिल मिला वह भी नकली था। डीजीजीआई ने सभी 19 ट्रकों को अग्रिम कार्रवाई के लिए जब्त कर अपने साथ ले आई है। इसके साथ ही जिन लोगों ने माल परिवहन किया है, उनके बारे में जानकारी जुटाकर कार्रवाई करने की डीजीजीआई तैयारी कर रही है।

# बदमाश को वकीलों ने कोर्ट में घेरा, जमकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोर्ट परिसर में शुक्रवार को बवाल मच गया। यहां साथी वकील पर हमले से आहत वकीलों ने पेशी पर लाए गए बदमाश पर धावा बोल दिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान बचाव कर रहे पुलिस से भी झूमाझटकी के हालात बन गए। काफी देर तक यहां हंगामा होता रहा। पुलिस किसी तरह बदमाश की जान बचाकर उसे अस्पताल ले गई।

पूरा मामला इस प्रकार से है, शिवानंद नगर निवासी पेशे से वकील दीर्घेश शर्मा और मनोज सिंह मंदिर में पूजा करने गए थे। इस दौरान मनोज का साढू अजय सिंह मंदिर पहुंचा और मनोज



पर उसके खिलाफ बार-बार शिकायत करने का आरोप लगाते हुए दीर्घेश से उलझ गया और कहा, तुम्हें कैंसर है मैं, तुम्हें जान से मार दूंगा और उसने दीर्घेश के गले पर पत्थर से वार कर दिया। दीर्घेश ने हाल के दिनों में कैंसर होने की वजह से गले का ऑपरेशन कराया है। बीच-बचाव करने पर अजय ने मनोज पर भी पत्थर से वार कर दिया। घटना के बाद दोनों वकील अपने घर जाने लगे, इस बीच अजय ने अपने हाथ में चाकू लेकर मनोज को दौड़ाया। इस दौरान दीर्घेश का बेटा तथा दो अन्य बीच-बचाव करने पहुंचे, तो बदमाश ने एक का हाथ तोड़ दिया और एक के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। चाकूबाजी की घटना में मनोज को जख्म आए हैं। इसी मामले में गिरफ्तारी के बाद अजय को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। वकीलों को अजय के कोर्ट में पेश किए जाने की जानकारी पहले ही मिल चुकी थी।

## खबर संक्षेप



### डुमरपाली में गुहा निषाद जयंती आज

महासमुंद। ग्राम डुमरपाली में 19 जनवरी रविवार को भक्त गुहा निषाद जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव होंगे। छग निषाद समाज के प्रदेश उपसंगठन सचिव नंद कुमार निषाद ने बताया कि सर्वप्रथम गांव में कलश यात्रा ग्रामीण व क्षेत्रीय निषाद समाज द्वारा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव जानकी निषाद, रामजी निषाद, लतेलू निषाद, रामसाय निषाद, गंगाराम निषाद, जगदीश निषाद, तुलसीराम निषाद शामिल होंगे।

**बैठक : कांग्रेस पर्यवेक्षक का महासमुंद कांग्रेस भवन में हुआ आगमन, दावेदारों से लिए आवेदन**

# पार्षद का चुनाव संबंधों का है, प्रत्येक प्रत्याशी को वार्ड मतदाताओं से पारिवारिक संबंध बनाना चाहिएः पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आगामी नगर पालिका परिषद चुनाव 2025 के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक पंकज शर्मा का आगमन महासमुंद कांग्रेस भवन में हुआ। पर्यवेक्षक का जोरदार आतिशबाजी, फूल माला, गांधी माला से कार्यकर्ताओं ने जोश ख़रोश के साथ स्वागत किया। महासमुंद नगर पालिका पर्यवेक्षक पंकज ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए वार्ड बूथ को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्षद का चुनाव संबंधों का चुनाव है। क्योंकि, वार्ड में लगभग सभी का पारिवारिक संबंध होता है। सभी एक दूसरे से वाकिफ होते हैं। हर प्रत्याशी का काम करने का तरीका वार्ड के नागरिकों का देखा परखा होता है। नागरिक ऐसा व्यक्ति को पार्षद के रूप में देखना चाहता है कि पार्षद अध्यक्ष ऐसा हो जिससे आसानी से कार्य हो सके। इस कारण प्रत्येक पार्षद प्रत्याशी को वार्ड मतदाताओं से पारिवारिक संबंध बनाना चाहिए।


सभा के पश्चात पर्यवेक्षक पंकज शर्मा एवं जिला अध्यक्ष डॉक्टर रश्मि चंद्राकर एवं पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी को लेकर एक-एक दावेदारों से चर्चा कर आवेदन लिए। जिसमें राशि महिलांग पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, कृष्ण चंद्राकर पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, संजय शर्मा जिला महामंत्री, खिलावन बघेल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, वरिष्ठ कांग्रेसी भरत ठाकुर अधिवक्ता, त्रिभुवन महिलांग पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, विजय साव पूर्व जिला योजना समिति सदस्य एवं पार्षद




निखिलकांत साहू पूर्व सभापति, डॉ.तरुण साहू एवं पंकज साहू सहित कुल 10 लोगों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए।

पार्षद पद के दावेदारों ने खिलावन बघेल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी को अपना आवेदन प्रस्तुत किए हैं, जो कि लगभग 100 दावेदारों ने आवेदन किया है। उक्त सभी आवेदनों के चयन के लिए जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष ने समिति बनाकर जांच करने का दिशा निर्देश दिए एवं पार्षद प्रत्याशी चयन के लिए समिति द्वारा सर्वे करवाए जाने की बातें डॉ.रश्मि चंद्राकर ने कहीं। विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों को खूब मेहनत करने का आव्हान किया एवं कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए कमर कस लेने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजय शर्मा एवं आभार प्रदर्शन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने किया। बैठक में पंकज शर्मा नगर पालिका पर्यवेक्षक, डॉ. रश्मि चंद्राकर जिलाध्यक्ष, विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, राशि महिलांग नगर पालिका अध्यक्ष, कृष्ण चंद्राकर उपाध्यक्ष नगर पालिका, दाऊलाल चंद्राकर, नरेंद दुबे, संजय शर्मा, मोहित ध्रुव, मनोजकांत साहू, त्रिभुवन महिलांग, हीरा बंजारे, प्रमोद चंद्राकर, सती साहू, अरुण चंद्राकर, नारायण नामदेव, सोमेश दवे, गौरव चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, विजय साव, राजू साहू, डॉ.तरुण साहू, मिंदर चावला, राजेश नेताम, निखिलकांत साहू, बबलू हरपाल, भरत ठाकुर, अजय थवाईत, लता कैलाश चंद्राकर, राजेश नेताम, देवेश शर्मा, पिंकी बघेल, प्रीति साहू, नुकेश महंत, टोवा राम कन्नौजे, मो. मंसूर खान, राहुल अवाड़े, तबरेज खान, दशोदा ध्रुव, रवि ध्रुव, बादल बघेल, ईशा टंडन, माया पांडे, सोनम रामटेके, ममता चंद्राकर, कातिका पैकरा, भूमिका ध्रुव, लक्ष्मी सोनी, सलमान, देवनारायण ध्रुव, सूरज नायक, अब्दुल जावेद, निहार राव चकोले, जय पवार, गोविंद चंद्राकर, टोमन सिंग कागजी, प्रकाश अजमानी, मिंदर चावला, मोती साहू, लीलू साहू, अरिन चंद्राकर, पुष्पेंद चंद्राकर, मेहूल सूचक, एजाज जेहरा नकवी, शकील खान, अनवर हुसैन, बसंत चंद्राकर, लखन चंद्राकर, सन्नी महानंद, चंद्रेश साहू, रविन्द्र बबलू महानंद, सुरेन्द्र ठाकुर, युवराज साहू, एरिस अनवर,अनीश रजवानी, संतोष ठाकुर, इब्राहिम खान आदि मौजूद रहे।

## स्वामित्व कार्ड का वितरण



महासमुंद। ग्राम पंचायत डूमरपाली के आश्रित ग्राम घुंचापाली 54 हितग्राहियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान सरपंच नंदकुमार निषाद समेत वरिष्ठ नागरिकगण मौजूद रहे।

## इंजीनियर शर्मा को शासन ने महासमुंद पालिका का सीएमओ नियुक्त किया



**महासमुंद।** नगर पालिका महासमुंद में पदस्थ इंजीनियर एसडी शर्मा ने शुक्रवार को बतौर मुख्य नगर पालिका अधिकारी पदभार ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगर पालिका परिषद का मुख्य नगर पालिका अधिकारी नियुक्त किया है। शर्मा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पद ग्रहण करने के बाद कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी कि नगर नगरीय चुनाव के साथ-साथ पालिका में कार्य लेकर आने वाली जनता कार्य समय पर पूरा हो। इसके साथ ही नगर पालिका द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने का प्रयास रहेगा। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण कार्य हैं जो उनकी प्राथमिकता में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता है।

## तहसील पटवारी संघ की अध्यक्ष दमयंती व उपाध्यक्ष तनूजा का हुआ मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

राजस्व पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से दमयंती नायक को अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का भी मनोनयन किया गया है। तहसील सरायपाली में पहली बार अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों के रूप में महिला शक्ति को प्राथमिकता दी गई है, जिसे सभी तहसील सदस्यों सहित जिला पर्यवेक्षकों द्वारा स्वीकार किया गया एवं इसकी सराहना की गई। बैठक में लिए गए



निर्णयानुसार उपाध्यक्ष तनूजा साव व उमित पटेल, सचिव सुषमा साहू, सह सचिव देवमोती सिदार, कोषाध्यक्ष विनिका चंद्राकर, विधिक सलाहकार ललिता बरिहा व दिनेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी त्रिवेणी पटेल व मनोरमा दीवान, संरक्षक नारायण बारिक, हेमंत त्रिवेदी, सोमनाथा भोई व गजेंद्र नायक, प्रवक्ता दूधनाथ साहू व दीनबंधु सिदार, कार्यकारिणी सदस्यों में जितेन्द्र बाघ, रक्षपाल बरिहा, रवि बेहेरा, मुकेश ठोसर, अनिल भोई, दीपक विश्वकर्मा, देवनाथ भोई, मजेश भोई, ऋषि पटेल, शैलेष अग्रवाल, राजेश देवांगन, बलराम दीवान का मनोनयन किया गया है।

## नरतोरी में सामुदायिक भवन का हुआ भूमिपूजन



**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरतोरी में चक्रधारी समाज के बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के द्वारा किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जैसे ही विधायक यादव ग्राम नरतोरी पहुंचे, चक्रधारी समाज के पदाधिकारी ने उनका भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात अगवानी करते हुए उन्हें भूमिपूजन स्थल पर लाया गया। जहां विधायक यादव तथा चक्रधारी समाज के पदाधिकारी द्वारा भूमिपूजन हुआ। इस दौरान विधायक यादव ने चक्रधारी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित भी किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप सेचक्रधारी समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




## बम्हनी व चिंगरौद में छात्रों ने किया सर्वे

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं भूगोल विषय के सहायक प्राध्यापक लीना साहू एवं वनस्पतिशास्त्र के सहायक प्राध्यापक लुकेश साहू के निर्देशन में महाविद्यालय के बीए तृतीय व द्वितीय छात्र-छात्राओं को भूगोल विषय के अंतर्गत एक दिवसीय भौगोलिक भ्रमण ग्राम बम्हनी में किया गया। सर्वे अंतर्गत गांव में स्थित बम्हनेश्वर नाथ शिवलिंग के बारे में प्राचीनतम साक्ष्यों के जानकारी ली गई। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा गांव के ग्रामीणों का सामाजिक, आर्थिक सर्वे किया गया। सर्वे में गांव में निवासरत लोगों के जीविका के साधन, शिक्षा, आवासीय स्थिति, स्वास्थ्य, लघु एवं कुटीर उद्योग तथा गांव के समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। सर्वे कार्य को सफल बनाने में प्राथमिक शाला चिंगरौद के सभी शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चित्रेखा साहू, ग्रामीणजन शंकर निषाद, कमलनारायण साहू, तिलक निषाद, गोपी साहू एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोकथाम पर कार्यशाला

## राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोकथाम के विषय पर कार्यशाला का आयोजन डॉ पी कुंदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से किया गया। कार्यशाला में 107 बंदी शामिल रहे। बंदियों को मानसिक तनाव और आत्महत्या के लक्षण जैसे, चिंता करना, मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना, अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नही लगना, व्यवहार में




परिवर्तन होना शामिल है। इसके रोकथाम के उपाय में अपना दैनिक दिनचर्या को ठीक रखने, आपसी समन्वय स्थापित करने, एक दूसरे से वार्तालाप करने, हल्का व्यायाम, प्रतिदिन योगा अभ्यास करने, स्वयं की सफाई, मोटिवेशन, मनोरंजन जैसे किताब पढ़े, खेल आदि का आनंद लेने, टीवी देखें, डीप ब्रिथिंग बलून आदि के माध्यम से तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोक के विषयों पर चर्चा एवं साइकोसोशल इंटेर्वेसन किया गया। इस अवसर पर जिला जेल उप अधिक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा, डॉ महेंद्र चौधरी मेडिकल ऑफिसर, मेंडिकल कालेज सह जिला अस्पताल महासमुंद से रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल साहू का सहयोग रहा।








नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### लालवानी गली में गुहा निषाद जयंती 22 को

**महासमुंद।** स्थानीय लालवानी गली वार्ड नंबर 14 स्थित दुर्गा मंदिर में 22 जनवरी को शहरी संगठन निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषाद राज जयंती का आयोजन किया गया है। सुबह 11 बजे नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा, कलश यात्रा निकाली जाएगी। पश्चात ढाई बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसके मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर होंगे, अध्यक्षता ढेलू निषाद करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में नंदकुमार निषाद, राजेंद्र निषाद शामिल होंगे। जानकारी देते हुए गायत्री निषाद ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपना नाम पहले लिखवा ले। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को ही सुबह 8 बजे ग्राम खरोरा के राम जानकी मंदिर से रामरथ का शुभारंभ सरपंच सुनीता देवदत्त, पंच संजय साहू, सुखनंदन धीवर, लक्ष्मी चंद धीवर पूजा अर्चना कर करेंगे।



### ग्रामीणों को स्वामित्व पट्टा का किया वितरण

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत चिरको के आश्रित ग्राम दर्रीपाली के ग्रामीणों को स्वामित्व योजना पट्टा का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जनपद पंचायत सदस्य दामिनी तुलसी राम साहू, सरपंच हरिराम पटेल, सचिव चिंतामणि साहू, भाजपा शक्ति संयोजक जगमोहन सिंह ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता मोरे सहित ग्रामवासी घसियाराम, बुधेश्वर पटेल, घनश्याम यादव आदि उपस्थित रहे।

## चर्चा : समाज में रोटी-बेटी, लेनदेन, आवाजाही पर प्रतिबंध का किया विरोध

# बाघामुड़ा में हुई गोंड़ समाज पिथौरा व सरायपाली की संयुक्त आम सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ रानी महल पिथौरा एवं सरायपाली (केंद्रीय अध्यक्ष 18गढ़ पिथौरा) की एक दिवसीय विशाल संयुक्त महासभा सुवरमार राज के आश्रित सर्कल बाघामुड़ा में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत इष्टदेव भगवान बूढ़ादेव की पूजा अर्चना कर की गई। इसके तत्पश्चात महासभा में उपस्थित अतिथियों व समाज पदाधिकारियों का स्वागत, रोली चंदन बंदन से हुआ। बाद समाजिक चर्चा में अनेक राज से आए हुए पदाधिकारियों ने बारी-बारी से अपने विचार रखे।

इसके बाद केंद्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अभी समाज सम विषम परिस्थिति से गुजर रहा है, जिससे समाज में बहुत बड़ा नुकसान का सामना करना पड़ रही है। जैसे कि वर्तमान समय में समाज में रोटी-बेटी, लेनदेन, आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिनका 18 गढ़ महल रानी पिथौरा पुरजोर विरोध करती है। इस कारण 18गढ़ पिथौरा संयुक्त आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें खोलहाराज (ओडिशा) के सर्कल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने सभा में भाग लेकर समाज के उत्तरदायित्व पर पूर्ण निष्ठा के साथ समाज सेवा, रोटी बेटी आवाजाही पर विषयगत विचार रखें। सभा को कौड़िया राज अध्यक्ष भूषण सिंह सूर्यवंशी, खल्लारी राज अध्यक्ष यशवंत सिंह सोरी, सुअरमार राज अध्यक्ष देवसिंह ठाकुर, कटगी राज अध्यक्ष प्रताप सिंह नाग, सोनाखान राज अध्यक्ष रामायण सिंह मराई, कसडोल राज अध्यक्ष दिलहरण सिंह मराई, सिरपुर राज अध्यक्ष भागीरथी ठाकुर, बार राज अध्यक्ष मंगतू जगत ने भी संबोधित किया।

आमसभा को सफल बनाने में समस्त सुवरमार राज, समस्त बाघामुड़ा सर्कल एवं गोंडवाना सेवादल ग्राम बाघामुड़ा का महत्वपूर्ण योगदान एवं सहयोग रहा। आम सभा को समापन की घोषणा सुवरमार राज सचिव भारत सिंह ठाकुर, सहसचिव राजू राम ठाकुर एवं भुरकोनी सर्कल सचिव गेंदराम ठाकुर समेत सुवरमार राज मीडिया प्रभारी तूफान दीवान एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





### आमसभा में मातृशक्तियों की भागीदारी को सराहा

आम सभा में प्रमुख रूप से केंद्रीय संरक्षक महेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष तीज राम ठाकुर, उपाध्यक्ष शिवप्रसाद ठाकुर, महासचिव लाभों ठाकुर, महामंत्री रनसाय ठाकुर, संयोजक देवनारायण ठाकुर, कोषाध्यक्ष पुरन सिंह ठाकुर, संगठन मंत्री प्रेम सिंह मरावी, सचिव बलीराम ठाकुर, सचिव थानसिंह ठाकुर, युवा प्रभाग अध्यक्ष योगेश ठाकुर, मातृ शक्ति प्रभाग अध्यक्ष रामवती ठाकुर, जन क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष जनक नेताम, शिक्षा प्रभाग अध्यक्ष पंचराम ठाकुर, सर्कल अध्यक्षगण अरुण ठाकुर, जनक नेताम, राजीव सिंह ठाकुर, चमार राय ठाकुर, थनवार ठाकुर, मोहर सिंह ठाकुर, ओंकार ठाकुर, सुरेन्द्र मांझी, सुखीराम ठाकुर, रामजी ठाकुर, मनुजा जगत, समस्त केंद्रीय सदस्यगण, निगरानी सदस्यगण एवं समस्त केंद्रीय पदाधिकारीगण, समस्त राज पदाधिकारीगण एवं समस्त सर्कल पदाधिकारीगण, समस्त समाज दूतगण, मातृ शक्ति, पितृ शक्ति, युवा शक्ति ने समाज में बढ़ चढ़ के हिसा लेकर समाज की न्याय मूल्य की बात पर 18 गढ़ पिथौरा की संयुक्त आह्वान पर सैकड़ों की संख्या में विशाल उपस्थिति प्रदान कर समाज में एक इतिहास बनाया। खासकर मातृशक्ति की बढ़ चढ़ के हिस्सेदारी होना समाज की जागरुकता बतलाता है। अंत में केंद्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर ने समाज की सम विषम परिस्थितियों पर चिंतन मनन किया।

# पहले ही कार्यकाल में भाजपा सरकार खरीदी में विफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के

- 1 साल में भाजपा सरकार की कोई बड़ी उपलब्धि नहीं

पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि 1 साल के कार्यकाल में भाजपा अब तक एक भी नई योजना नहीं बना पाई और ना ही कोई बड़ी घोषण की। एक साल में राज्य सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है। बल्कि, अपनी पूर्व घोषणा को यह सरकार पूरा नहीं कर पा रही है। किसानों को एकमुश्त धान का 3100 रुपए भुगतान न कर साय सरकार उनके साथ पहले ही धोखेबाजी कर चुकी है।



सरकार ने धान खरीदी देर से शुरू की, ताकि सुनियोजित तरीके से किसानों को धान बेचने से वंचित किया जा सके। 31 जनवरी तक धान खरीदी की अंतिम तिथि है। जिले में 1 लाख 62 हजार किसान धान बेचने के लिए पंजीकृत हैं। जिसमें से अब तक 1 लाख 45 हजार किसानों से कुल 9 लाख 79 हजार 142 एमटी धान खरीदी हुई है। छुट्टियां काटकर केवल अब 8 दिन का समय ही धान खरीदी के लिए बचता है। ऐसे में शेष 17 हजार किसानों से खरीदी कर पाना संभव नहीं दिखता। इसके अलावा सरकार खरीदी केंद्रों से धान का उठाव नहीं कर पा रहा है। 9.79 एमटी धान में से 5.16 लाख एमटी धान समितियों में जाम पड़ा है। यह भी एक प्रमुख कारण है, बफर लिमिट से अधिक धान होने के कारण समिति प्रभारी धान खरीदी करने से हाथ खड़े कर रहे हैं। सोसायटी में धान जाम होता जा रहा है। खरीदी शुरू होने के बाद से जाम की वजह से कई बार धान खरीदी बंद किया जा चुका है। किसानों को टोकन, बारदाना को लेकर भी काफी मुश्किलें हुई है। चंद्राकर ने कहा कि अब तक कोई नई नीति व योजना बना पाने में विफल भाजपा सरकार ने 1 साल के कार्यकाल में ही कर्ज लेने का इतिहास रच डाला है। जिस हिसाब से कर्ज लिया गया, सरकार को जनता को बताना चाहिए कि हजारों करोड़ का कर्ज किस प्रयोजन से लिया गया, और रूपए कहां गए। ना तो किसानों को धान का भुगतान हो रहा है, ना ही युवाओं को भत्ता दिया जा रहा, ना महिलाओं को 500 में गैस सिलेंडर दिया गया और ना ही निराश्रितों का पेंशन 1500 रुपए किया गया। भाजपा ने हर वर्ग को ठगा। यहां तक कांग्रेस सरकार की पुरानी योजनाएं राजीव युवा मितान क्लब, बेरोजगारी भत्ता, भूमिहीन कृषि न्याय योजना, गोधन न्याय योजना बंद कर दी गई। आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक काम बंद हो गए है। मनमाना बिजली बिल आ रहा है। स्मार्ट मीटर से बिल और बढ़ गया है।

## विधायक ने किया श्रद्धालुओं का स्वागत



**महासमुंद।** अयोध्या से राम लला के दर्शन कर वापसी पहुंचने पर श्रद्धालुओं का महासमुंद नगर में स्वागत करते विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा।

# शहर को आवारा कुत्तों व मच्छर मुक्त बनाने विशेष अभियान की जरूरत: रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने नगर में बढ़ रही आवारा कुत्तों व मच्छरों की समस्या को लेकर पालिका प्रशासक से शीघ्र इस दिशा में कार्रवाई की मांग की है। साहू ने कहा कि शहर के पूरे 30 वार्डों में आवारा कुत्तों की समस्या विकराल रूप ले रही है। विगत दिनों गुडरूपारा के 15-20 लोगों को एक कुत्ते ने काट दिया।

साथ ही नगर के समस्त वार्डों में आवारा कुत्तों की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। पालिका के गत कार्यकाल में जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैये का परिणाम नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। समय- समय पर कुत्तों का बधियाकरण नहीं होने के कारण हजारों की संख्या में आवारा कुत्ते नगर में घूम रहे हैं। इन कुत्तों को छोटे-छोटे बच्चों को अधिक खतरा है। यही नहीं, युवा, बुजुर्ग हर वर्ग को कुत्ते काट रहे हैं। पालिका के जनप्रतिनिधियों द्वारा कुत्तों की धर-पकड़ कर दूरस्थ जंगलों में छोड़ने की कार्रवाई भी नहीं की गई। आज नगर में आवारा कुत्तों की संख्या इस कदर बढ़ गया है कि रात में पैदल चलने वाले हो या दुपहिया चालक सभी को कुत्ते दौड़ा रहे हैं। कइयों को काट भी चुके हैं। दुपहिया सवार कुत्तों के भय से दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। आवारा कुत्तों को शहर से भगाने एक अभियान की आवश्यकता है।



साहू ने शहर के नालियों की सफाई नहीं होने से मच्छरों की समस्या पर भी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पालिका के पिछले 5 साल के कार्यकाल में जनप्रतिनिधि द्वारा सफाई, पेयजल, मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया गया। सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नालियां बजबजा रहे हैं। नालियों में मच्छर पनप रहे हैं, जो शाम होते घरों में प्रवेश कर रहे हैं। नगर में मच्छरों का पूरी तरह साम्राज्य फैल चुका है। शहर के समस्त वार्डों के छोटी-बड़ी नालियों में फागिंग मशीन द्वारा मच्छर रोधी दवा का छिड़काव करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने पालिका प्रशासक से मांग करते हुए कहा कि शहर को आवारा कुत्तों व मच्छरों के आतंक से मुक्त करने की दिशा में शीघ्र कार्रवाई किया जाए।


# महासमुंद में हुआ विकासखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत महासमुंद विकासखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन बृजराज परिसर महासमुंद में हुआ। इस आयोजन में कुल 6 संकुल के रसोइयों ने भाग लिया, जिन्होंने मध्यान्ह भोजन के मीनू का पालन करते हुए स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए पौष्टिक आहार बच्चों के लिए तैयार करना एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत मध्याह्न भोजन का प्रचार प्रसार करना था। निर्णायक के रूप में शिक्षक लीनू चंद्राकर, तपस्या शर्मा एवं प्रियंका पीटर रहे। जिन्होंने क्रमशः मात्रा, स्वच्छता पौष्टिकता एवं प्रस्तुतिकरण के अनुसार अंक प्रदान किए।



निर्णायकों के निर्णय अनुसार प्रथम स्थान मिडिल स्कूल पासिद संकुल अमलोर, द्वितीय स्थान मिडिल स्कूल नयापारा संकुल सोरिद एवं तृतीय स्थान सेजेस मिडिल स्कूल आदर्श बालक संकुल बृजराज ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षाधिकारी मोहन राव सावंत, विशिष्ट अतिथि सहायक संचालक नंद कुमार सिन्हा एवं सतीश नायर की उपस्थिति रही। जिला शिक्षा अधिकारी सावंत ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि जैसे खाएंगे अन्न, वैसा रहेगा मन। हमें खाना बनाते समय स्वच्छता एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान देना चाहिए। सभी प्रतियोगियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में ब्लाक शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हीना ढालेन, तारिका सोरी कुंजाम, ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अनुराग तिवारी, आशुतोष जोशी, तिलक साहू, मिथिलेश जलक्षत्री, भूपेंद्र नेताम, किरण पटेल, पुरनेंद्र दीवान, दिनेश यादव, संकुल समन्वयक सुरेन्द्र चंद्राकर, पवन साहू का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन लेखापाल सीके तिवारी ने किया।



## चोपड़ा ने की भाजपा महासचिव विनोद तावड़े से मुलाकात

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के दौरान पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के चुनाव अधिकारी एवं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े से आत्मीय भेंट की। डॉ. चोपड़ा ने राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े से संगठनात्मक और अन्य विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जिसमें संगठन की गतिविधियां, भविष्य की योजनाएं और सामाजिक मुद्दे शामिल थे। बता दें महासचिव विनोद तावड़े और डॉ. चोपड़ा अपने समय में विद्यार्थी परिषद के साथी रहे हैं। भेंट के दौरान डॉ. चोपड़ा ने विनोद तावड़े को अपने क्षेत्र में हो रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। विनोद तावड़े ने भी डॉ. चोपड़ा को उनके कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया।



### महाविद्यालय में युवा दिवस पर विविध आयोजन

**भंवरपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में प्राचार्य डॉ. एसके साव के मार्गदर्शन एवं रेड रिबन क्लब के प्रभारी एसके पटेल के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, जन जागरुकता रैली जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अंकिता प्रधान बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्रथम तथा भागीरथी राय एवं ज्योति बारिक ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं रंगोली प्रतियोगित में मोनिका ने प्रथम तथा उत्तरा सिदार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण गजराज नायक, दीपक राठौर, हेरोद तिम्मा, कृष्णकांत ठाकुर, रितेश नायक, धनुर्जय पटेल तथा डॉ. रमीज तलहा दानी ने महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सफलता की कहानी

# स्वामित्व कार्ड पाकर भूमि मालिकों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में

- बरसों बाद स्वामित्व अधिकार मिला, दिया सरकार को धन्यवाद, मुख्यमंत्री ने हार पहनाकर दिया स्वामित्व कार्ड

स्वामित्व कार्ड पाकर बरसों से बिना अधिकार पत्र के रह रहे मकान मालिकों और भू-स्वामियों के चेहरे खिल गए। स्वामित्व कार्ड पाकर उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार को धन्यवाद दिया है। महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम परसट्ठी के इंदरमन, बुधारू साहू, सखाराम ध्रुव के चेहरे पर अद्भुत खुशी झलक रही थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों ऐसे 25 भू मालिकों को स्वामित्व कार्ड प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को बधाई देते हुए हार पहनाई और स्वामित्व कार्ड प्रदान किया। ऐसे ही हितग्राही इंदरमन ध्रुव और बुधारू साहू ने बताया कि वे लगभग 23-30 साल से ग्राम परसट्ठी में निवास कर रहे थे। लेकिन, आज तक मालिकाना हक नहीं मिलने के कारण कई पीढ़ियों से कई योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते थे। आज हमें वास्तविक मालिकाना हक प्राप्त हुआ है। सच मायने में आज हम मकान के मालिक बन गए हैं। अपने परिवार सहित जीवन यापन कर रहे हैं। हमारे परिवारों के लिए भी बड़ी सौगात है। इंदरमन को 98.35 वर्ग मीटर मकान का भू-स्वामित्व अधिकार मिला। इसी तरह बुधारू साहू को 58.22 वर्ग मीटर का भू-स्वामित्व का अधिकार मिला है।







वहीं करीब 30 साल से 511.46 वर्ग मीटर खेत में किसानी कर रहे सखाराम ध्रुव के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने बताया कि आज मुझे जमीन का मालिकाना हक मिल गया है। इससे उन्हें अपनी संपत्ति को वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग करने और ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस अभिनव योजना के लिए सभी लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

बता दें कि स्वामित्व योजना अंतर्गत ड्रोन सर्वेक्षण तकनीक के माध्यम से तैयार किए गए मालिकाना दस्तावेज ग्रामीण नागरिकों को उनकी संपत्ति पर स्वामित्व का स्पष्ट प्रमाण प्रदान करते हैं। स्वामित्व दस्तावेज़ मिलने के बाद ग्रामीण नागरिक अपनी संपत्ति को वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग कर सकते हैं। इससे उन्हें ऋण प्राप्त करने और आर्थिक स्थिरता हासिल करने में मदद मिलेगी।

# घुंचापाली में विभिन्न निर्माण कार्यों का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घुंचापाली में ठेठवार समाज, निषाद समाज एवं आदिवासी गोंड समाज के सामुदायिक भवन तथा आदिवासी गोंड समाज के प्रसाधन भवन का लोकार्पण कार्यक्रम पूर्व संसदीय सचिव वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

ठेठवार समाज के सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिराम यादव ने की। वहीं निषाद समाज के सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि निषाद एवं आदिवासी समाज के सामुदायिक भवन व प्रसाधन भवन के लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष भीखम ठाकुर ने की। विशेष अतिथि की आसंदी पर बसंता ठाकुर, रमेश ठाकुर, अभिलाषा काकड़े, नंदनी चंद्राकर विराजमान रही। कार्यक्रम की शुरुआत मां चंडी की तथा सभी समाज के आराध्य देवी-देवताओं के पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात विधायक यादव एवं उपस्थित ठेठवार समाज, यादव समाज एवं आदिवासी गोड़ समाज के प्रमुखजनों एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से उक्त भवनों का लोकार्पण हुआ। इस दौरान विधायक द्वारिकाधीश यादव ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा पूर्व में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी भी दी।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से फूल सिंह ध्रुव, लक्ष्मी नारायण ध्रुव, खगेश यादव, विष्णु महानंद, राजेश सोनी, ऋषभ चंद्राकर, बिजे लाल निषाद, लालराम निषाद, किशोर अग्रवाल, दुर्गेश यादव, नामदेव निषाद, देव सिंह निषाद, मनराखन निषाद, सालिक राम निषाद, चंद्रशेखर ध्रुव, जानकी निषाद, सविता निषाद, पुष्पेंद्र चंद्राकर, रमेश साहू, सेत राम बघेल, नरसिंग ध्रुव, सोनू राम ध्रुव, नेकु राम ध्रुव, चैन सिंह ध्रुव, देव सिंह ध्रुव, राम ध्रुव, जेठू राम बढ़िया, राकेश निषाद, राहुल यादव, पारस निषाद, फलेश निषाद, नोहर निषाद, सुखदेव निषाद, जानकी, सविता निषाद, रमेश साहू आदि मौजूद रहे।

